फर्द अहकाम

कजोडमल व अन्य बनाम ज्याना देवी व अन्य

नाम न्यायालय –उपखण्ड अधिकारी फागी

केस संख्या:– 67/2016 विविध

निर्णय दिनांक:– 06.06.2018

दिनांक आज्ञा या कार्यवाही.	आज्ञा विस्तृत रुप से	विशेष विवरण
06.06.2018	–::निर्णय::–	

आज यह पत्रावली न्याय आपके द्वारा राजस्व लोक अदालत कैम्प दौसरा में पेश हुई।

पक्षकारान वकील उपस्थित आये। प्रतिवादी संख्या 3 के विरूद्व दिनांक 30.08.2016 को एकतरफा कार्यवाही अमल मे लाई जा चुकी है। प्रतिवादी संख्या 5 व 6 फोर्मल पक्षकार है। जिनके विरूद्व कोई अनुतोष नही चाहा गया है। अधिवक्ता प्रतिवादीगण ने जबाब पेश नही कर सीधी बहस करने का निवेदन किया।

बहस सुनी गई। वादी क़े अधिवक्ता ने अपनी बहस में निवेदन किया की विवादग्रस्त आराजी के ख0न0 1452/424 रकबा 06 बीघा, ख0न0 1453/424 रकबा 6 बीघा, ख0न0 424/1752 रकबा 10 बीघा, ख0न0 424/1953 रकबा 12 बिस्वा, ख0न0 424/1950/1 रकबा 1 बीघा, ख0न0 424/1950/2 रकबा 1 बीघा, ख0न0 424/1963 रकबा 1 बीघा, ख0न0 424/1809 रकबा 07 बीघा 03 बिस्वा, ख0न0 424/1728 रकबा 12 बिस्वा भूमि वाके ग्राम डाबिच गुजरान तहसील फागी जिला जयपुर मे स्थिति है। जिसमे राजस्व रिकार्ड में प्रार्थी संख्या 1 लगायत 4 की मॉ स्व0 प्रभू देवी पत्नि किशनलाल ख0न0 1452/424 रकबा 6 बीघा व ख0न0 424/1752 का अप्रार्थी संख्या 1, ख0न0 424/1953 का अप्रार्थी संख्या 2 व ख0न0 424/1950/1, ख0न0 424/1950/2, ख0न0 424/1963, ख0न0 424/1809 का अप्रार्थी संख्या 3 व ख0न0 424/1728 का अप्रार्थी संख्या 4 खातेदार काश्तकार है। ख0न0 1453/424 रकबा 06 बीघा मे प्रार्थी संख्या 1 लगायत 4 का 2/3 हिस्सा व प्रार्थी संख्या 5 का 1/3 हिस्से के सामलाती खातेदार काश्तकार है। ख0न0 1452/424 रकबा 06 बीघा सम्पूर्ण व ख0न0 1453/424 रकबा 06 बीघा मे से 2/3 हिस्से का प्रार्थी संख्या 1 लगायत 4 व प्रार्थी संख्या 5 1/3 हिस्से का खातेदार काश्तकार हैं विवादित आराजी की राजस्व रिकार्ड नक्शा लट्टा मे तरमीम नही होकर मूल ख0न0 424 ही दर्ज है जबकि राजस्व रिकार्ड जमाबन्दी में अलग – अलग नम्बर दर्ज है। परन्तु स्थाई मेर कोंर नही होने से पक्षकारान के मध्य आये दिन मेर कोर को लेकर काश्त के समय लडाई झगडा होता रहता है।

बहस पर मनन किया तथा पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली में उपलब्ध दस्तावेजो जमाबन्दी इत्यादी का ध्यानपूर्वक अवलोकन किया गया। बाद अवलोकन यह पाया गया कि विवादग्रस्त आराजी के प्रार्थीगण की मॉ व अप्रार्थीगण रिकार्डेड खातेदार

क्र0प0उ0

उपखण्ड अधिकारी फागी (जयपुर)

(मुहर: उपखण्ड अधिकारी, फागी, जिला–जयपुर)

Scanned by CamScanner

फर्द अहकाम

कजोडमल व अन्य बनाम ज्याना देवी व अन्य

नाम न्यायालय –उपखण्ड अधिकारी फागी
निर्णय दिनांकः– 06.06.2

केस संख्याः– 67/2016 विविध

काश्तकार है। वर्तमान मे नक्शा लटटा मे तरमीम नही होने से पक्षकारान के मध्य विवाद रहता है जिसके निस्तारण के लिये वादग्रस्त आराजी का पक्षकारान के मध्य तरमीम किया जाना उचित प्रतीत होता है।

अतः प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर विवादग्रस्त आराजी के ख0न0 1452/424 रकबा 06 बीघा, ख0न0 1453/424 रकबा 6 बीघा, ख0न0 424/1752 रकबा 10 बीघा, ख0न0 424/1953 रकबा 12 बिस्वा, ख0न0 424/1950/1 रकबा 1 बीघा, ख0न0 424/1950/2 रकबा 1 बीघा, ख0न0 424/1963 रकबा 1 बीघा, ख0न0 424/1809 रकबा 07 बीघा 03 बिस्वा, ख0न0 424/1728 रकबा 12 बिस्वा भूमि वाके ग्राम डाबिच गुजरान तहसील फागी ज़िला जयपुर मे स्थिति आराजी का मौके पर समस्त खातेदारो की उपस्थिति मे कब्जा, सहमति अनुसार तहसीलदार फागी को राजस्व रिकार्ड मे तरमीम किये जाने के आदेश दिये जाते है।

निर्णय आज दिनांक 06.06.2018 को कैम्प कोर्ट दौसरा में सुनाया गया।

सावन कुमार चायल
(उपखण्ड अधिकारी)
(फागी जिला जयपुर)

उपखण्ड अधिकारी
फागी (जयपुर)

उपखण्ड अधिकारी फागी जिला–जयपुर

Scanned by CamScanner